# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर : जीएसडीपी में 2.81 लाख करोड़ का योगदान

लखनऊ। प्रदेश को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2024-25 में राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में इस सेक्टर ने 2.81 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है। ये वर्ष 2024-25 में तय लक्ष्य का करीब 77 प्रतिशत है। लोकभवन में हुई समीक्षा बैठक में बताया गया कि इन्वेस्ट यूपी 2.0 के तहत प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए बनाए गए निवेश फ्रैंडली माहौल में कई नई मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां स्थापित हुई हैं। मैन्युफैक्चिंग सेक्टर का हब बनने की दिशा में चालू वर्ष 2025-26 में 3 लाख करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य है। प्रदेश के लिए लैंड बैंक और रॉ मैटेरियल बैंक बनाने के साथ अलीगढ़, उन्नाव, प्रयागराज और झूंसी को विशेष निवेश क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025-26 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से 1.25 लाख करोड़ के सकल मूल्य वर्धन के लिए 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत होगी। इसके लिए प्रदेश में नई इकाइयों की स्थापना और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने पर जोर दिया जा रहा है। ब्यूरो